## रूपसिंह मीना निर्विरोध निर्वाचित

**गंगापुर सिटी।** रविवार को जिला गंगापुर सिटी का रेसला संगठन का प्रथम जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन अर्जुन पैलेस गंगापुर सिटी में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी थे। अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी देवीलाल मीना, अति विशिष्ट अतिथि रेसला प्रदेश महामंत्री डॉ अशोक कुमार जाट, विशिष्ट अतिथि गंगासहाय मीना जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक गंगापुर सिटी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नादौती कमलराम मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बामनवास वीरेंद्र जाट, प्रदेश प्रवक्ता दीनदयाल सैनी, रेसला के प्रदेश महामंत्री दिनेश मीना, रेसला के जिला अध्यक्ष एवं अधिवेशन एवं निर्वाचन प्रक्रिया के पर्यवेक्षक मुकेश मीना प्रधानाचार्य, जिला अध्यक्ष करौली भगवत मीना, मतदान अधिकारी प्रथम होलसिंह मीना, मतदान अधिकारी द्वितीय अजय मीणा प्रधानाचार्य एवं नवीन जिला गंगापुर सिटी के चारों ब्लॉकों से भारी संख्या में लगभग 300 व्याख्याताओं ने भाग लिया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी ने मंच से संगठन की एवं व्यवस्थित अधिवेशन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं व्याख्याताओं के लिए कहा कि व्याख्याता हमेशा अपने संगठन के प्रति जितने वफादार है उससे भी ज्यादा वफादार अपने मूल कर्तव्य शैक्षणिक कार्य के प्रति गंभीर रहे।

# नदबई के लखनपुर में 3 घरों में चोरी होने पर लोग एकजुट हुए



भरतपुर के नदबई तहसील के गांव लखनपुर में तीन घरों में चोरी होने पर लोग एकजुट हो गये।

**भरतपुर** (निस)। नदबई तहसील के उप तहसील मुख्यालय लखनपुर में रात्रि में गृह भेजन कर गांव के राजेंद्र सिंह पुत्र घमंडी सिंह, कमलसिंह पुत्र भीमसिंह, लाल सिंह पुत्र मदन सिंह के घरों को निशाना बनाकर क्रमश: राजेंद्र के घर से एक लाख बियासी हजार की नकदी सहित ढेड किलो चांदी एवं पांच तोला सोना सोने की चैन, मंगलसूत्र,

**■ थानाधिकारी ने ग्रामीणों को शीघ्र चोरी की वारदात के खुलासा करने का आश्वासन दिया**

अगूंठी, तोडियां अन्य सामान लालसिंह के घर से 53 हजार की नगदी के साथ 8 ग्राम सोना, आधा किलो चांदी एवं अन्य आभूषण कमल सिंह के घर से एक लाख की नगदी सहित 6 तोला सोना, आदा किलो चांदी एवं आभूषण चुरा ले गये। सुबह जगार होने पर चोरी की वारदात का पता चला। सूचना पर थानाधिकारी जीतेंद्र सिंह मय जाप्ता मौके वारदात पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। लखनपुर थाने पर प्रार्थीगण ने चोरी की तहरीर दी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान की कार्यवाही शुरू की समाजसेवी एडवोकेट महेश लखनपुर ने थानाधिकारी जीतेंद्र सिंह से शीध्र चोरी की वारदात के खुलासे की मांग की। जिस पर थानाधिकारी ने ग्रामीणों को शीघ्र चोरी की वारदात के खुलासा करने का आश्वासन दिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग : किन्नरों पर हिण्डोन से आए किन्नरों के एक दल की ओर से लाठी डंडों से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिए जाने की घटना को लेकर आज बयाना के किन्नरों सहित भरतपुर, गंगापुर सिटी, नगर, सीकरी, आगरा, आदि स्थानों से आए किन्नरों ने पुलिस कोतवाली के सामने अनोखे ही अंदाज में नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए हमले के आरोपी हिण्डोन के किन्नरों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किए जाने पर धरना प्रदर्शन व आंदोलन की चेतावनी दी। किन्नरों के इस प्रदर्शन व नारेबाजी को देख वहां तमाशबीन लोगों की भी भीड़ हो गई। वहीं पुलिस में भी हलचल मच गई। इस मौके पर मौजूद कोतवाली के एच एम शांतिलाल ने प्रदर्शनकारी किन्नरों को समझाइश कर शांत किया और उन्हें आरोपी किन्नरों के विरुद्ध शीघ्र ही कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। आपको बता दें बयाना में अपने यजमानों से बख्शीश की इनाम को लेकर रविवार को बयाना व हिंडौन के किन्नरों में विवाद हो गया था। बयाना के किन्नर दल की मुखिया पूनम मौसी ने बताया कि हिंडौन से आए किन्नर जब बयाना में अवैध रूप से वसूली कर रहे थे तो उन्हें समझाने व रोकने का प्रयास किया गया। जिन्होंने अपने साथ लाए गए भाड़े के किन्नरों के साथ मिलकर उन पर लाठी डंडों से हमला कर कई किन्नरों को घायल कर दिया था।

## क्रशर हटाने के विराध में ग्रामीण एकजुट हुए

**गंगापुर सिटी।** जिले के वजीरपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत श्यारौली के छकडा में चल रही क्रशर मशीनों से ग्रामीण परेशान हैं। क्रशर मशीनों से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर समस्या समाधान की मांग की है। ग्रामीण चंद्रभान, देवेन्द्र सिंह, अजय सिंह, प्रहलाद, किशन बैरवा, गणपत सिंह, बत्तीलाल बैरवा, विजेन्द्र सिंह, कोमल सिंह, रामवीर सिंह, सुरेश सिंह, रत्तीलाल, मदनलाल, मौजी राम और बबलू आदि ने बताया कि श्यारौली ग्राम पंचायत के ग्राम छकडा में वर्तमान में चार क्रेशर मशीन संचालित हैं। इनमें बालाजी स्टोन क्रेशर कंपनी छगडा, भैरव स्टोन, निलांजन स्टोर क्रेसर कंपनी आदि मशीन संचालित हैं। ग्राम छकडा की 1०० मीटर की आबादी के समीप ही उक्त चारों स्टोन क्रशर मशीन संचालित हो रही हैं। ऐसे में इन चारों में नियमित ब्लास्टिंग किया जाता है। इसके कारण हर घर में स्टोन क्रशर की डस्ट से ग्रामीण बीमार हो रहे है। गांव का वातावरण भी प्रदूषित हो गया है और एक्यूआई 400 के आसपास बना हुआ है। उक्त क्रेशर मशीनों के द्वारा रात के समय ब्लास्टिंग करने से भय का वातावरण बना रहता है। आबादी के समीप क्रेशर मशीन स्थापित होने से पूरे दिन व रात में वाहनों के आवागमन से धूल उडती रहती है, घरों में मिट्टी जमा हो रही है।

## सार-समाचार

### भाजपा की दिलाई सदस्यता



करौली भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने पूर्व जिला अध्यक्ष रहे हरीसिंह मीणा को पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कराई।

**करौली** (नि.स.) । भाजपा के जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी द्वारा पूर्व में भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे हरि सिंह मीणा को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने बताया कि पूर्व मे भाजपा के जिला अध्यक्ष रहे हरीसिंह मीणा किन्ही कारण वश पार्टी को छोड गये थे जिन्हे एक बार फिर सोमवार को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर पार्टी कि सदस्यता ग्रहण कराई इस दौरान सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हे शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,महेंद्र मीणा, करौली विधानसभा संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,उत्तम सिंह जादौन, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, बालकृष्ण पन बारिया, करौली शहर मंडल महामंत्री तेजेंद्र सिंह जादौन, जगदीश शर्मा, विकास जादौन, राम सिंह, धर्मेंद्र सिंह जादौन धर्मी उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज

**भरतपुर** (निस)। संविधान दिवस के अवसर पर सूचना केन्द्र में चार दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिसका शुभारम्भ जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव द्वारा प्रात: 11 बजे किया जायेगा। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में संविधान की प्रस्तावना तथा संविधान निर्माण सभा के दुर्लभ छायाचित्रों का प्रदर्शन किया जायेगा। भारतीय संविधान की विशेषताओं पर केंद्रित संगोष्ठी का आयोजन भी इस अवसर पर किया जायेगा। प्रदर्शनी स्थल पर दोपहर 12 बजे आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञ संविधान की विशेषताओं के बारे में जानकारी देंगे। प्रदर्शनी आमजन के अवलोकनार्थ प्रात: 10 से 5 बजे तक निशुल्क उपलब्ध रहेगी। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सूचना केन्द्र लाईब्रेरी का शुभारम्भ मंगलवार 26 नवम्बर को करेंगे। लाईब्रेरी में युवाओं के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अनुकूल सुविधाऐं उपलब्ध कराई जायेंगी। विद्यार्थियों के लिये प्रात: 10 से सांय 5 बजे तक निशुल्क प्रवेश रहेगा। विद्यार्थी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रचार सामग्री, सुजस एवं विभागीय योजनाओं की पुस्तकें निशुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

### इनामी बदमाश पकड़ा

**भरतपुर** (निस)। उद्योगनगर पुलिस द्वारा कार्यवाही कर रीको एरिया स्थित पीएनबी बैंक में 12 जनवरी को बैक में दिनदहाडे लूट करने के मामले में 10 हजार रूपये का ईनामी बदमाश विष्णु को गिरफतार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भरतपुर मुख्यालय सतीश यादव व वृताधिकारी वृत ग्रामीण आकांक्षा के सुपरविजन में थानाधिकारी हनुमान सहाय मय गठित टीम द्वारा थाना उद्योगनगर के प्रकरण में न्यू रीको पीएनबी बैंक से 24380 रूपये लूट कर ले जाने के मामले में 10 हजार रूपये का ईनामी बदमाश विष्णु पुत्र मुकेश उम्र 25 साल जाति ठाकुर निवासी खूबचंद का पुरा मजरा बीलौनी थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफतार किया है। ज्ञात रहे कि इस मामले में 16 अक्टूबर.10.24 को बापर्दा गिरफतार आरोपी अजीत व कल्याणसिंह तथा दिनांक 20.10.24 को गिरफतार आरोपी मुलजिम कल्ला उर्फ करूआ उर्फ लक्ष्मन न्यायिक अभिरक्षा में है तथा शेष वांछित अभियुक्त रोहिताश उर्फ नानू निवासी भवनपुरा जघीना की तलाश जारी है।

### रोजगार शिविर 28 को

**करौली** (नि.स.)। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय सत्यनारायण नावरिया ने बताया है कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा 28 नवम्बर को प्रात: 10:00 बजे से जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट परिसर में एक दिवसीय कौशल रोजगार एवं उद्यिमता शिविर का आयोजन किया जावेगा। शिविर में कई कम्पनियां युवाओं को रिक्त पदों के लिए चयन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यताओं से संबंधित अंकतालिका, आधार कार्ड, मूल निवास एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो लेकर उपस्थित होवें।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**करौली**(नि.स.)। सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन आज मंगलवार को साय 4:00 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी जिसमें योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में बीसीएमओ, सीएचसी, पीएससी प्रभारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

## श्मशान रास्ते पर अतिक्रमण से ग्रामीण दुखी

**गंगापुर सिटी ।** तलावडा तहसील के मीणापाडा गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को ज्ञापन देकर गांव मीणापाडा में बडी कोठी से मोक्ष धाम के रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

ग्रामीण रामराज मीणा, मोर सिंह मीणा, बृजमोहन मीणा, पुखराज मीणा, हनुमान मीणा, बबूडी, पिंकी बाई, सीमा, चेतराम, पीतम, जीतराम आदि ने बताया कि तहसीलदार तलावडा द्वारा खसरा नंबर 217 व 151 गैर मुमकिन रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को चिह्नित करने के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया था और टीम द्वारा अतिक्रमणों को चिह्नित कर रिपोर्ट 11 जून 2०24 को तहसीलदार तलावडा को प्रस्तुत कर दी। इसके आधार पर अतिक्रमण हटवाने के लिए 22 जून 2०24 को प्रशासन द्वारा मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन उस दौरान गैर मुमकिन रास्ता पर तेजराम पुत्र रामकुवार द्वारा लकडी गाड कर तारबंदी कर दी गई है। इसके अलावा मुकेश पुत्र रामखिलाडी व ऋषिकेश पुत्र रामखिलाडी द्वारा लकडी गाढ कर तारबंदी कर दी। इसी तरह खसरा नंबर 217 गैर मुमकिन रास्ते की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था जो पूर्णत: नहीं हटाया गया। प्रशासन की टीम के द्वारा उक्त जगह को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया। अतिक्रमण नहीं हटने के कारण इनके हौसले बुलंद हो गए और अब फिर से अतिक्रमण काबिज हो गए है, इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ गई है। उन्होंने कलेक्टर से उक्त प्रभावशाली खातेदारों से रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाकर सीमांकन करवाने की मांग की है, साथ ही भविष्य में अतिक्रमण नहीं हो इसके लिए पाबंद करने की मांग की है, जिससे की रास्ते की समस्या से आम जनता को राहत मिल सकें।

## कृषि ऋण के बारे में बताया

**करौली** (नि.स.)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की करौली शाखा द्वारा सोमवार को कृषि ऋण मेला एवं एक एकमुश्त ऋण समझौता स्कीम शिविर का आयोजन गांव कोटा ममचारी में किया गया।

सोमवार को आयोजित कृषि ऋण मेला एवं रिकवरी शिविर का आयोजिन किया गया यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जयपुर अंचल कार्यालय से संतोष कुमार सहायक महाप्रबंधक, आर.डी. वर्मा मुख्य प्रबंधक अंचल कार्यालय जयपुर,योगेश शर्मा मुख्य प्रबंधक क्षेत्रिय कार्यालय कोटा,राजीव कुमार झा मुख्य प्रबंधक एवं कमरपाल सैनी शाखा प्रबंधक करौली ने ग्रामीण वासियों को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कि ओर से चल रही किसानों की स्कीम सहित विभिन्न योजनाओ कि विस्तार से जानकारी दी गई एवं प्रधानमंत्री जन धन योजना, एक मुश्त समझोता योजना के बारे में जानकारी दी गई ।

# मौसमी बीमारियों पर सतर्क रहे : सक्सेना

**करौली** (नि.स.) जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभागीय आयुक्त कार्यालय, से जनसुनवाई के प्राप्त प्रकरण एवं रात्रि चैपाल में प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करे।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 दिसम्बर तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, कृषि विभाग के संयूक्त निदेशक को रवि की फसल को देखते हुए डीएपी सहित अन्य खाद्य की किसानों कि मांग के अनुसार प्रचुर मात्रा में उपलब्धता रखने, विद्युत विभाग के अधिकारी को रबी कि फसल को देखते हुए सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, सीएमएचओ डॉं. दिनेश मीणा, डॉ गंगासहाय मीणा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक बीडी शर्मा, कोषाधिकारी भरतलाल मीना, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार कर ड्रेनेज प्लान तैयार करें : कलक्टर

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समय पर करते हुए सरकार की मंशानुरूप त्वरित कार्य पूरा करें। जिन कार्यों में विभागीय स्तर पर पद स्वीकृत किये जाने हैं अथवा संसाधनों की उपलब्धता की आवश्यकता हो उनके लिए विभागीय स्तर पर समन्वय कर शीघ्र कार्य पूर्ण करायें। विभागवार समीक्षा के दौरान उन्होंने नगर निगम को शहर का ड्रेनेज प्लान तैयार कर शहर के आवासीय क्षेत्रों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पानी भराव होता है उनमें सिंचाई विभाग के साथ मिलकर विस्तृत प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने अमृत योजना के तहत प्रगतिरत कार्यों सीवरेज, पार्कों के सौन्दर्यकरण कार्य को गति के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी कचरा नहीं जलाया जाये तथा शहरी क्षेत्रों में घर घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी कर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने सुजान गंगा में आने वाले गंदे पानी की रोकथाम के साथ मछलियों के टैण्डर आदि प्रक्रियाओं को पूरा करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सडक एवं अन्य भवन निर्माण के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ आम नागरिकों को पात्रता के अनुसार लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, निदेशक घना मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत रामहेत मीना, जलदाय मनोहर सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग रामअवतार कुमावत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर संगोष्ठी आज

**करौली** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार आज मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे गुलाब बाग स्थित बस ऑपरेटर धर्मशाला में संविधान दिवस को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसीसी महासचिव एवं प्रभारी करौली राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहेंगे । जिसमें सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, प्रधान नगर परिषद नगर पालिका के सभापति अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष एवं समस्त आम कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# खण्डेलवाल वैश्य समाज का जिला सम्मेलन 12 जनवरी को

**भरतपुर** (निस)। जिला खण्डेलवाल वैश्य समाज जिला भरतपुर-डीग की कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों एवं इकाई अध्यक्ष, मंत्रियों की संयुक्त बैठक जिलाध्यक्ष सुरेश माठा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 12 जनवरी को खण्डेलवाल वैश्य समाज जिला भरतपुर-डीग का विशाल सम्मेलन भरतपुर मुख्यालय पर आयोजित कराने का निर्णय लिया।

सम्मेलन को व्यवस्थित एवं सफल आयोजन हेतु पूर्व जिलाध्यक्ष नैमचन्द खण्डेलवाल को संयोजक, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष कुसुम रावत को उप संयोजक महिला, राजेश महरवाल नदबई, अनिल बूसर एडवोकेट डीग, खैमराम बटवाडा कांमा एवं नैमचन्द फतेहपुरिया पहाड़ी को उप संयोजक मनोनीत किया गया। इससे पूर्व नदबई धर्मशाला में नवीन हॉल का लोकार्पण जिलाध्यक्ष सुरेश माठा, पूर्व जिलाध्यक्ष नैमचन्द खण्डेलवाल, ओमप्रकाश सितारे वाले, जिलाध्यक्ष युवा गिरधारी खण्डेलवाल एवं जिला महिला अध्यक्ष ललिता तमोलिया, जिला महामंत्री संदीप गांधी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में कुम्हेर अध्यक्ष कैलाश नाटानी, नगर से रामजीलाल, कांमा अध्यक्ष बृजेश, मंत्री शम्भूदयाल, दिनेश रावत, विधान समिति संयोजक ओमप्रकाश माठा, नदबई मंत्री ललिता प्रसाद गुप्ता, रामदयाल, शांतिस्वरूप, जिला मंत्री महिला रजनी नाटानी पहाडी, महामंत्री भरतपुर मुरारीलाल, एम.एल.रावत ने विचार रखे।


**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Bhusawar (Weir) Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. : F.( )/Dean-COAB/2024/678 Dated :- 23/11/2024
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Agriculture Equipment and Furniture and laboratory Instruments are invited from interested bidders up to 10.30 AM, 03.12.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website. **NIB code SKN2425A0229, 0157 & UBN : SKN2425GSOB00232**
Raj.Samwad/C/24/8220 DEAN



**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner), Bhusawar (Weir) Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. : F.( )/Dean-COAB/2024/679 Dated :- 23/11/2024
**NOTICE INVITING BID**
Bid for open tender regarding Interactive Panel are invited from interested bidders up to 11 AM, 03.12.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state or **www.sknau.ac.in** University website.
**NIB code SKN2425A0228, 0157 & UBN : SKN2425GSOB00231**
Raj.Samwad/C/24/8219 DEAN


## रात्रि चैपाल आज

**करौली** (नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि आज मंगलवार को सांय 6:00 बजे से ग्राम पंचायत हरनगर पंचायत समिति करौली में रात्रि चैपाल व जनसुनवाई में आमजन की समस्याऐं सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

## स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**कुम्हेर** (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कुम्हेर के तत्वावान में संघ प्रधान छगन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन 2024-25 का आयोजन इंपीरियल एकेडमी स्कूल, हेलक रोड कुम्हेर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह सीबीईओ कुम्हेर, विशिष्ट अतिथि नीता शर्मा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त मंडल मुख्यालय भरतपुर एवं देवेंद्र कुमार मीणा सीओ स्काउट मंडल मुख्यालय भरतपुर, डॉ सोरन सिंह पूर्व प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट, योगेश कौशिक मैनेजिंग डायरेक्टर इंपीरियल स्कूल, बलवीर सिंह प्रधानाचार्य ने मंच की शोभा बधाई। सर्वप्रथम मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। प्रार्थना, व्यक्तिगत परिचय की रस्म पूरी की गई। सभी अतिथियों का आंदोलन का स्कार्फ पहनाकर व शॉल भेंट कर स्वागत किया गया, साथ ही एमडी योगेश कौशिक द्वारा भी सभी का माल्यार्पण कर शॉल द्वारा स्वागत किया। योगेश कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर देवेंद्र सिं,ह योगेश कौशिक, डॉ सोरन सिंह, नीता शर्मा, देवेंद्र मीणा, प्रकाश सुमन, वेद प्रकाश, हाकिम सिंह, बृजमोहन, राघवेंद्र, राजकुमार, मनोजा कुमारी, दिव्या नैनीवाल, रघुवीर सिंह, यादराम, चंदन यादव, रचना खंडेलवाल, सतीश शर्मा, रश्मि चौधरी, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सौ वर्ष पुराने पीपल, 40 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाने का विरोध



एतिहासिक प्राचीन गंगा महारानी मंदिर में पीपल, बरगद व नीम के पेड की कटाई की घटना को लोगों ने दुखद बताया।

**भरतपुर** (निस)। एतिहासिक प्राचीन गंगा महारानी मंदिर में प्रशासन के छंटाई के आदेश के बाद सौ वर्ष पुराने पीपल, 40 वर्ष पुराने बरगद व 10 साल पुराने नीम के पेड की कटाई की घटना को शहर के लोगों ने दुखद और अपूरणीय क्षति बताया है।

लोगों का कहना है कि एक ओर प्रशासन के द्वारा प्रति वर्ष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। दूसरी तरफ इन आस्था के प्रतीक व पर्यावरण के संरक्षक इन एतिहासिक पेडों पर कुल्डाडी चलाए जाने के फरमान समझ के परे हैं। लोगों का कहना है कि जिन पेडों पर आस्था के चलते कभी छंटाई तक नहीं की गई। उन पेडों पर नगर निगम के कर्मचारियों ने कुल्हाडी चलाकर उजाडने का कार्य बहुत गलत कार्य है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बहुत ही धार्मिक पृवृति के व्यक्ति हैं। उनके द्वारा जब भी समय मिलता है गिर्राज महाराज सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर स्वयं जाकर पूजा अर्चना की जाती है।

मुख्यमंत्री बनने से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के द्वारा अभियान चलाकर हजारों तुलसी के पौधों का वितरण किया गया था। उनका पूरा परिवार धार्मिक वृक्षों की विधि विधान से पूजा अर्चना करता है। मुख्यमंत्री के जवाहर नगर स्थित पीपल के पेड की भी उनके परिवार के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों के छंटाई के फरमान के बाद उनके ही गृह जिले में आस्था के महत्वपूर्ण स्थान प्राचीन गंगा मंदिर के इतिहासकालीन पीपल व बरगद के वृक्षों की कटाई कर दी गई। जिससे लोगों में काफी रोष है। इस घटना को लेकर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने भी कहा है कि पेडों की सिर्फ छंटाई के लिए कहा गया था। लेकिन जिस प्रकार से पेडों पर कतरा गया है वह गलत है। इसकी जांच कराई जाएगी। मंदिर में कई वर्षों से आ रहे एक श्रद्वालु भारद्वाज ने तो इस घटना की तुलना मुगल शासन तक से कर डाली। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि भाजपा कार्यकाल में इस प्रकार आस्था को चोट पंहुचाई जाएगी।

इस घटना को लेकर मंदिर में आने वाले कई भक्तों में दुख का माहौल है। वहीं इस घटना को लेकर वरिष्ठ पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा का कहना है कि प्रशासन के द्वारा बहुत गलत कार्य किया गया है। सैंकडों वर्ष पुराने पेडों को काटना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जिला प्रशासन के द्वारा इतने वर्षों से वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन दिखाने के लिए उनके पास एक भी बडा पीपल व बरगद का पेड नहीं है। जिसे वे वृक्षारोपण की उपलब्धि बता सके। हर वर्ष वृक्षारोपण पर लाखों रूपये खर्च किए जाते हैं। लेकिन उनकी भी देखभाल ठीक से नहीं हो पाती है। जिससे अभियान के दौरान लगाए गए अधिकतर पेड सूख जाते है। ऐसे में पेडों की इस प्रकार कटाई बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने तो यहा तक कहा कि प्रशासन की कार्यवाही उनकी समझ में भी नहीं आ रही है। जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष अभी हाल ही के वर्षों में लगाए गए पेडों को भी प्रशासन के द्वारा विकास के नाम पर हटा दिया गया।


**कार्यालय नगर विकास न्यास भरतपुर**
फोन न0 05644-230688 वेवसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur.com

क्रमांक:-नीलामी / 2024 / 10937 दिनांक 22.11.2024

**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर**

नगर विकास न्यास भरतपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड ई-ऑक्शन द्वारा नीलाम किये जा रहे है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.स. | योजना का नाम | भूखण्ड संख्या | साईज फुट व मीटर में | क्षेत्रफल व.ग./व.मी. | आरक्षित दर प्रति व.ग./व.मी. (लीज हेतु) | ई.एम.डी राशि | ई-ऑक्शन प्रारम करने की दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | एस.पी.एम. नगर (आवासीय) | 68 | 50'-6"X69' | 387.16 व.ग. | 11000.00/- व.ग | 330000.00 | 42000 /-प्र.व.ग. |
| | | 154 | (49'+119')/2X(95'6"+69') | 633.00 व.ग. | 11000.00/- व.ग | 570000.00 | 45000 /-प्र.व.ग. |
| | | 832 | 18'X35' | 70.00 व.ग. | 11000.00/- व.ग | 90000.00 | 62600 /-प्र.व.ग. |
| 3 | ट्रांसपोर्ट नगर (व्यावसायिक) | 22 | 25'X80' | 222.22 व.ग | 17000.00/- व.ग | 190000.00 | 40000 /-प्र.व.ग. |
| | | 152 CORNER | 19'X60' | 126.66 व.ग | 17000.00/- व.ग | 105000.00 | 40000 /-प्र.व.ग. |
| | | 294 | 10'x20' | 22.22 व.ग | 17000 /- प्र.व.ग. | 35000.00 | 70,000 /- प्र.व.ग. |
| | | 382 | 15'x20' | 33.33 व.ग | 17000 /- प्र.व.ग. | 50000.00 | 70,000 /- प्र.व.ग. |
| | | 697 | 14'x30' | 46.66 व.ग | 17000 /- प्र.व.ग. | 50000.00 | 50,000 /- प्र.व.ग. |
| | | 134 | 18'X60' | 120.00 व.ग | 17000.00/- व.ग | 95000.00 | 38000 /-प्र.व.ग. |
| | | HOTEL | (36.50+37.90)/2X(42.68+41.50)/2 | 1871.05 व.ग | 17000.00/- व.ग | 1125000.00 | 30000 /-प्र.व.ग. |
| 4 | सैक्टर नं0 -03 (आवासीय) | 259 | 15.24X(30.0+27.58) | 524.31 व.ग. | 11000.00/- व.ग | 790000.00 | 75000 /-प्र.व.ग. |
| | | 125 | 23'-9"X35' | 92.36 व.ग | 11000.00/- व.ग | 121000.00 | 65000 /-प्र.व.ग. |
| | | 216 | 41'X60' | 273.33 व.ग | 11000.00/- व.ग | 250000.00 | 45000 /-प्र.व.ग. |
| | | 31 | 39'X89' | 385.66 व.ग. | 8000 /- प्र.व.ग. | 530000.00 | 68,000/- प्र.व.ग. |
| 5 | सैक्टर नं0 -03 (व्यावसायिक) | 36,37,38,57,58 | 3x6 | 18.00 व.मी | 22000.00/- व.मी | 36000.00 | 100000 /-प्र.व.मी. |
| 6 | स्कीम नं. 14 (व्यावसायिक) | C-270,271 | 3x3 | 9.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 12000.00 | 65000 /-प्र.व.मी. |
| | | B-130 CORNER | 3x3 | 9.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 12000.00 | 65000 /-प्र.व.मी. |
| | | B-80 | 10x20 | 200.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 120000.00 | 30000 /-प्र.व.मी. |
| | | A-118 CORNER | 9x20 | 180.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 90000.00 | 25000 /-प्र.व.मी. |
| | | A-119 CORNER | 13x20 | 260.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 130000.00 | 25000 /-प्र.व.मी. |
| | | A-122,123 | 10x20 | 200.00 व.मी | 14000.00/- व.मी | 100000.00 | 25000 /-प्र.व.मी. |
| 7 | एस.पी.जेड. (आवासीय) | H-127 | 12.68x18 | 228.00 व.मी | 10500.00/- व.मी | 175000.00 | 36000 /-प्र.व.मी. |

1 क.स. 1 से 7 के भूखण्डों हेतु रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 02.12.2024 को प्रातः 10 बजे से 12.012.2024 सांय 6 बजे तक एवं ऑनलाईन नीलामी दिनांक 13.12.2024 प्रात 11 बजे से 16.12.2024 प्रात 11 बजे तक की जावेगी।
2 आमजन को सूचित किया जाता है कि अगर नीलामी में रखे गये भूखण्डों पर किसी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया हो तो नीलामी से पूर्व मय साक्ष्य के न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें।
3 ई-ऑक्शन हेतु वेबसाईट : SSO Rajasthan ------> Uraban portal ----> E services, property auction, click on link here for E-auction details पर बोली लगा सकते है।

राज.संवाद/सी/24/8215 सचिव जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष

# रोडवेज बस की टक्कर से गोवंश की मौत, लोगों में आक्रोश

## गोभक्तों व लोगों के हंगामा और प्रदर्शन के चलते जाम के हालात बने

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के नेहरु रोड क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से गोवंश की मौत के बाद क्षेत्र में गोभक्तों के हंगामा और प्रदर्शन के चलते जाम के हालात बन गए। बड़ी संख्या में लोगों ने करीब एक घंटे तक इस व्यस्तम मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुये स्पीड ब्रेकर बनाने व रोडवेज बसों को रूट बदल कर चलाने की मांग की। पुलिस, रोडवेज और यूआईटी अधिकारियों ने समझाइश कर लोगों को उचित आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया। उधर, जाम के चलते राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रवासियों का कहा था कि सोमवार सुबह मांडलगढ़ की ओर से आई एक रोडवेज बस ने नेहरु रोड स्थित गली नंबर पांच के बाहर गोमाता को टक्कर मार दी, जिससे गोमाता की मौके पर ही मौत हो गई। इसी रोड पर तीन दिन पहले भी एक महिला का एक्सीडेंट हुआ, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया था। आज गोमाता की मौत के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और वे बड़ी संख्या में नेहरु रोड़ पर जमा हो गये। गुस्साये लोगों ने एक घंटे तक नेहरु रोड़ पर जाम लगाकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। क्षेत्रवासियों ने गली नंबर पांच के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाने, रोडवेज प्रबंधन से चालक के खिलाफ कार्रवाई और बसों को इस मार्ग की बजाय किसी और मार्ग से संचालित करने की मांग की है। उधर, हादसे, जाम व प्रदर्शन की सूचना पर डीएसपी सिटी मनीष बड़ गुर्जर, भीमगंज थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा और लोगों से समझाइश कर मामला शांत करवाया। इसके बाद रोडवेज प्रबंधक व यूआईटी सचिव को भी मौके पर बुलवाया गया। अधिकारियों ने आमजन की समस्या के समाधान का भरोसा दिया। इसके बाद ही लोगों का गुस्सा शांत हो सका और जाम खोला गया।

वहीं सूचना मिलने पर विधायक कार्यालय से टीम भी मौके पर पहुंची।



रोडवेज बस की टक्कर से गोवंश की मौत के बाद लोगों ने जाम लगा दिया।

- **स्पीड ब्रेकर बनाने व रोडवेज बसों को रूट बदल कर चलाने की मांग की**

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, हादसे में हुई गाय की मौत पर विधायक अशोक कोठारी ने दु:ख प्रकट किया। मामले को गंभीरता से लेकर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम भीलवाड़ा के मुख्य प्रबंधक को कोटा, कोटडी मार्ग पर संचालित बसों का रास्ता बदलने का निर्देश दिया। इस पर मुख्य प्रबंधक ने जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एक आदेश जारी कर कोटा, कोटडी मार्ग पर संचालित निगम वाहनों में कार्यरत चालक/परिचालकों को निर्देशित किया। वाहनों का आने व जाने में बस स्टैण्ड से गायत्री मंदिर होते हुए लव गार्डन, राजीव गांधी ऑडिटोरियम होते हुए सांगानेरी गेट संचालित होगी। विधायक कोठारी ने प्रशासन को निर्देशित किया भविष्य में ऐसी घटना की पुनावर्ती ना हो, जिसके लिए तुरंत नेहरू रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए।

# क्रिकेट गेम की आईडी से सट्टा खेलते एक गिरफ्तार

## मोबाइल से 4 लाख 10 हजार के सट्टे का हिसाब मिला

**ब्यावर, (निसं)।** जिला साइबर सैल व सिटी थाना पुलिस ने क्रिकेट गेम की आईडी से सट्टा खेलते एक जने को गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल में से 4 लाख 10 हजार रूपये के सट्टे का हिसाब मिला है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकटतम सुपरविजन में जिला साइबर सैल व सिटी थानाधिकारी विजय सिंह मीणा उप निरीक्षक मय टीम द्वारा मोबाइल फोन पर ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया व सट्टे में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन जब्त किया। रविवार को मुखबिर से मिली सूचना पर जिला साइबर सैल व थानाधिकारी विजयसिंह उप निरीक्षक टीम सहित बोहरा पार्क शाहपुरा मोहल्ला पहुंचे जहाँ सूचना के अनुसार हुलिये का एक व्यक्ति दिखाई दिया जिसको रूकवाकर नाम पता पूछा व फोन चैक किया गया। उसके फोन में सैफरॉन एक्सच साइट पर किकेट गेम पर ऑनलाइन सट्टा करते पाया गया। जिसके बारे में आरोपी जवाब नहीं दे पाया जिस पर पुलिस टीम ने आरोपी के फोन को जब्त कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के फोन से 4 लाख 10 हजार 231 रूपये के सट्टे का हिसाब पाया गया। आरोपी मुरलीधर उर्फ मुरली पुत्र बस्तीराम कामड निवासी शाहपुरा मोहल्ला बोहरा पार्क के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर जांच की जा रही है।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# निजीकरण के विरोध में विद्युतकर्मियों का प्रदर्शन

**करौली, (निसं)।** विद्युत निगम में कार्यरत तकनीकी और अन्य कर्मचारियों ने विभाग में निजीकरण के विरोध में सोमवार को धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपकर सरकार से विद्युत निगम में निजीकरण को रोकने की मांग की है।

राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के अजय कुमार ने बताया कि विभिन्न कामों के नाम पर निगम में लगातार निजीकरण बढ़ता जा रहा है। निजीकरण का कार्मिक लंबे समय से विरोध करते आ रहे हैं। निगम में बढ़ते निजीकरण के कारण कार्मिकों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। निजीकरण के विरोध में सोमवार को विद्युत निगम कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार किया। कार्य बहिष्कार के दौरान कार्मिकों ने बग्गी खाना क्षेत्र स्थित निगम सहायक अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर कार्मिकों ने विभाग में बढ़ते निजीकरण को रोकने, विद्युत ग्रिड के संचालक को ठेके पर नहीं देने, प्रदेश की पांचों विद्युत वितरण निगम में कार्यरत कार्मिकों को ओपीएस की सुविधा का लाभ दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

- **विद्युत निगम कार्मिकों ने कार्य बहिष्कार किया**

कार्मिकों ने इस दौरान राज्य सरकार पर मांगों की लगातार अनदेखी के भी आरोप लगाए हैं। ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्मिकों की मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। इस दौरान धीरज शर्मा, उमेश शर्मा, शेर सिंह, लहरी, रवि, महेश, अशोक, नितिन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# 2.31 लाख की अवैध शराब बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त शिव प्रसाद नकाते के निर्देशन में आबकारी निरोधक दल ने दबिश की कार्यवाही करते हुए शोभागपुरा स्थित मीरा नगर के एक सूने मकान से अन्य राज्य की विभिन्न ब्रांड की कुल 54 बोतल शराब बरामद की। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 31 हजार 480 रूपए है।

यह शराब पार्टी के आयोजन के लिए सप्लाई की जानी थी जिसे दबिश देकर बरामद किया। नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही आबकारी वृत निरीक्षक गिर्वा राहुल शर्मा द्वारा अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत, उपायुक्त देवेन्द्र दषौरा, जिला आबकारी अधिकारी नीलम लखारा एवं सहायक आबकारी अधिकारी भरत मीणा के निर्देशन में की गई।

# 'प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ जीका रोकथाम के कदम उठाएं'

**जयपुर।** जयपुर के बजाज नगर निवासी की हीमोफैगोसाइटोसिस लिम्फो हिस्टोसाइटोसिक (एच.एल.एच.) के साथ उच्च रक्तचाप और हेपेटाइटिस के कारण मौत होने तथा रोगी की जांच में इंसीडेंटली जीका वायरस पुष्टि को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए हैं। निदेशालय स्तर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि निदेशालय स्तर से सीएमएचओ जयपुर प्रथम को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जीका रोकथाम, नियंत्रण और निगरानी, आईईसी, लार्वा रोधी गतिविधियां-फोगिंग, फोकल स्प्रे करने, नगर निगम द्वारा मच्छर रोधी अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निकटवर्ती संपर्कों में वायरस संक्रमण की जांच के लिए ब्लड, यूरिन के सेम्पल एसएमएस माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला में भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. माथुर ने बताया कि विस्तृत दिशा-निर्देशानुसार जीका संदिग्ध मामलों की पहचान के लिए घर-घर सर्वेक्षण के साथ-साथ ओपीडी में आने वाले संदिग्ध मामलों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। जीका पॉजिटिव मामले का रोगी के साथ निकट संपर्क का कोई हिस्ट्री है तो संचालित की जा रही रोकथाम व नियंत्रण गतिविधियों की पर्यवेक्षण निगरानी भी रखने एवं जिला मुख्यालय अधिकारियों द्वारा क्रॉस चेकिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम से समन्वय करते हुए नोटिस, चालान, बड़े पैमाने पर फॉगिंग, सड़क किनारे लार्वा रोधी गतिविधि और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्टीकरण कार्यवाही की जाए। सभी गतिविधियों की दैनिक रिपोर्टिंग करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि रविवार को जयपुर के बजाज नगर निवासी 66 वर्षीय एक पुरुष मरीज की दुर्लभ बीमारी एच.एल.एच. से मृत्यु हुई है। इस मरीज की जांच के दौरान संयोग से जीका वायरस भी पाया गया था। उन्होंने बताया कि रोगी को 20 नवंबर को फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मरीज के सेम्पल को एसएमएस मेडिकल कॉलेज जांच हेतु भेजा गया। जिसमें मरीज जीका पॉजिटिव मिला। चिकित्सकीय रूप से रोगी जीका के लक्षणों से संबंधित नहीं होने के कारण किसी अन्य संदिग्ध बीमारी के बारे में अधिक जानकारी के लिए नमूना एनआईवी पुणे को भेजा गया है।

# डंपर से टकराई हरियाणा रोडवेज की बस

## हादसे में चालक सहित चार यात्री घायल

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने जयपुर से टोंक की ओर जा रही हरियाणा रोडवेज की बस एक डंपर में घुस गई। हादसे में रोडवेज चालक सहित चार यात्री घायल हो गए।

- **महिला कार चालक ने अचानक ब्रेक लगाए तो कार को बचाने के चक्कर में डंपर ने भी ब्रेक लगा दिये थे, इससे हादसा हुआ**

थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब एक बजे रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने एक कार चालक महिला ने अचानक कार के ब्रेक लगा दिए, जिसको बचाने के लिए पीछे से आ रहे डंपर ने ब्रेक लगाकर कार को बचा लिया लेकिन पीछे से तेज गति से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस डंपर से जा टकराई। दुर्घटना में बस चालक दीपक कुमार तेली पुत्र उम्मेदसिंह निवासी चुलीयाना थाना सापला जिला रोहतक व यात्री खुशबू पत्नी मोहम्मद नवेद निवासी काफला बाजार टोंक, इन्द्रप्रकाश पुत्र ओमप्रकाश हरिजन निवासी नयापुरा कोटा व वैभव गौतम पुत्र पुरषोतम गौतम निवासी मंगलपुरा थाना झालरापाटन जिला झालावाड़ घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को स्थानीय राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करके छुटटी दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




हादसे में हरियाणा रोडवेज की बस क्षतिग्रस्त हो गई।

# जहरीले जानवर के काटने से दो किसानों की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** आसपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात को दो अलग-अलग घटनाओं में जहरीले जानवर के काटने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वसुंधरा छोटी निवासी हमीरसिंह पुत्र धूलसिंह राठौड़ शाम के समय अपने खेतों में गए थे। वहां किसी जहरीले जानवर ने उन्हें काट लिया, जिससे वे बेहोश हो गए। पास में काम कर रहे परिजनों ने घटना की जानकारी घर वालों को दी। हमीर सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी आसपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सकानी निवासी देवीलाल पुत्र कमजी मीणा अहमदाबाद से एक दिन पूर्व लौटे थे। रविवार को वे खेतों में गेहूं की सिंचाई के लिए गए थे। रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत में देवीलाल बेसुध हालत में पड़ा मिला, जिसे परिजन हॉस्पीटल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। सोमवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

- **दो परिवारों में पसरा मातम, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाया**



अलवर जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से भानगढ़ से विदेशी टूरिस्ट की मौजूदगी में मत्स्य उत्सव का आगाज हुआ। तीन दिन तक होने वाले अलग-अलग कार्यक्रमों में पांच राज्यों के लोक कलाकार गीत, वादन व नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मत्स्य उत्सव 25 से 27 नवंबर तक चलेगा। 26 नवंबर को शोभायात्रा निकाली जाएगी। दो दिन 25 व 26 नवंबर को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में 5 राज्यों के लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे। 27 नवंबर को म्यूजिकल नाइट के साथ मत्स्य उत्सव का समापन होगा। पर्यटन विभाग के अनुसार भानगढ़ में नुक्कड़ नाटक हुआ। दोपहर 2.30 बजे सिलीसेढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। शाम 6.30 बजे सुभाष चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर में संध्या आरती और महल चौक में बेस्ट ऑफ राजस्थान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

# तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी जिला स्पेशल टीम ने 230 ग्राम अवैध अफीम दूध सप्लाई करने के प्रकरण में दो माह से फरार चल रहे आरोपी को खारा गांव में दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फलोदी पुलिस अधीक्षक पूजा अवाना ने बताया कि गत 26 सितंबर को उप निरीक्षक खेताराम ने आरोपी मुक्तसर साहिब पंजाब निवासी लवप्रीतसिंह को 230 ग्राम अवैध अफीम के दूध सहित दस्तयाब कर एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में लवप्रीतसिंह से बरामद अफीम का दूध आरोपी खारा निवासी श्रीराम पुत्र सुरताराम से खरीदना बताया था लेकिन आरोपी श्रीराम फरार चल रहा था। टीम ने आरोपी श्रीराम को खारा गांव में दबिश देकर दस्तयाब किया।

# माकपा ने प्रदर्शन कर न्यायिक अधिकारी से जांच कराने की मांग की

**झुंझुनूं, (निसं)।** माकपा ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राजकीय बीडीके अस्पताल में जिंदा युवक को मृत बताकर फर्जी पोस्टमार्टम कर शमशान भेजने के मामले में जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर मामले की जांच न्यायिक अधिकारी से करवाने की मांग की है।

डीवाईएफआई के तहसील सचिव योगेश कटारिया ने बताया कि मृतक युवक को संदिग्ध परिस्थिति में अस्पताल लाया गया था। हमें शक है कि युवक के साथ मारपीट की गई थी, बेहोश होने पर उसे भर्ती करवाया गया था। संस्था संचालन की जांच करवाई जाए।

- **झुंझुनूं में राजकीय बीडीके अस्पताल में जिंदा युवक का पोस्टमार्टम मामला**

जानकारी के अनुसार मां सेवा संस्थान के बगड़ स्थित आश्रय गृह में रहने वाले मंदबुद्धि युवक रोहिताश (25) की 21 नवम्बर की दोपहर को तबीयत बिगड़ गई थी। उसे राजकीय बीडीके अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। बीडीके अस्पताल के डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमार्टम के लिए बॉडी का मॉर्च्युरी में रखवा दिया था। इसके बाद पुलिस को बुलाकर पंचनामा बनाया गया और शव को एंबुलेंस की मदद से श्मशान घाट ले जाया गया। यहां रोहिताश की बॉडी को चिता पर रखा तो उसकी सांसें चलने लगी और शरीर हिलने लगा था। यह नजारा देखकर वहां मौजूद सभी लोग एकबार तो डर गए थे। इसके बाद तुरंत एंबुलेंस बुलाकर रोहिताश को वापस अस्पताल लाया गया था। कुछ घंटे बाद युवक को गंभीर हालात में जयपुर रैफर कर दिया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी।

इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने तीन डॉक्टरों को सस्पेंड कर दिया था। मृतक युवक की पहचान झुंझुनूं पुलिस के लाइन के पास रहने वाले बीरबल (22) पुत्र मांगीलाल जोधपुरिया के रूप में हुई थी। वह मानसिक रूप से विमंदित था। उसके पिता मांगीलाल का निधन हो चुका है। मां देखभाल करती थी। जनवरी 2024 में बीरबल घर से निकल गया था। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। उसका कोई पता नहीं चल पाया था। 28 सितंबर को बगड़ थाना पुलिस ने उसे आदर्श नगर स्थित विमंदित पुनर्वास केंद्र में छोड़ा था। तब से वह पुनर्वास केंद्र में ही रह रहा था। मामले सामने आने के बाद मृतक युवक के भाइयों व अन्य रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की थी।

# मरणोपरांत देहदान संपन्न कराया

**कोटा, (निसं)।** नेत्रदान अंगदान और देहदान के लिए 13 वर्षों से कार्यरत संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य और ज्योति मित्र, इंदिरा विहार निवासी राजेंद्र जैन 'वया' (सेवानिवृत्त बैंककर्मी यूको बैंक) की माता पानी बाई पत्नी स्व. नानालाल वया का 100 वर्ष की उम्र में जयपुर में आकस्मिक निधन हो गया। जब उनका निधन हुआ तो, तुरंत ही सभी रिश्तेदारों ने आपस में सहमति लेकर, पानी बाई का देहदान जयपुर के महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में संपन्न कराया। राजेंद्र ने पिछले 10 वर्षों में संस्था के साथ जुड़कर 1200 से अधिक लोगों के नेत्रदान संकल्प पत्र, और 24 देहदान संकल्प पत्र भी भरवाएं हैं।

जैन धर्म में आस्था रखने वाली, अमूक प्राणियों, वृक्षों, निर्बलों और असहाय लोगों के लिए हमेशा सेवा की भावना रखने वाली, जैन गुरुओं की सेवा में रहने वाली पानी बाई 10 सालों से अपने सुपुत्र राजेंद्र वया को शाइन इंडिया के नेत्रदान के कार्य से जुड़ा देखकर काफी खुश होती थी, कि किसी तरह से बच्चों का मनुष्य जन्म सार्थक हो रहा हैं। माताजी कभी नहीं चाहती थी कि, उनकी मृत्यु के बाद पशु-पक्षियों के आश्रय को अनावश्यक नष्ट किया जाये, पेड़ काटे जाये, इससे अच्छा है, मृत-शरीर का दान किया जाये, जिससे निर्जीवों के घर का विनाश ना हो और अनावश्यक कीट पतंगों की मृत्यु ना हो। राजेंद्र भी अपनी मां के सेवा कार्यों से प्रेरित होकर समाज में काफी समय से प्लास्टिक छुड़ाने पर्यावरण बचाओ, जल संरक्षण और नेत्रदान, देहदान के कार्य के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों से 6 लाख ऐंठ कर मास्टर फरार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में एक स्कूल अध्यापक ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के नाम छह लाख से ज्यादा की रकम ऐंठ ली और फरार हो गया। स्कूल अध्यापक ने यह रकम अपने पर्सनल खाते में डलवा दी। बच्चों ने फोन पे व गूगल के माध्यम से रूपए जमा करवाए थे। कोचिंग संस्थान के मैनेजर की तरफ से अब स्कूल मास्टर के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी गई है। कुड़ी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि मूलतः झुंझुंनू हाल अपेक्स क्लासेज मैनेजर हॉस्टल नंबर 2 सेक्टर 6 के मोहनलाल पुत्र भगवानराम गोयल ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि अपेक्स स्कूल कुड़ी सेक्टर छह में उत्तरप्रदेश के एक शिक्षक मिथिलेश तिवारी पुत्र बृजभूषण लगा हुआ था।

# वाहनों से उड़ती धूल से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

**राजसमन्द, (निसं)।** केलवा के माईनिंग रोड केलवा चौपाटी से शार्दुल तक रोड पर बिछी मिट्टी नहीं हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर ही टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने राम लखन कांटा एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार विभाग के अधिकारियों को धूल मिट्टी उड़ने की परेशानियों से अवगत करवाया परंतु विभाग के अधिकारी हर समय आनाकानी कर आज कल, आज कल करने का जवाब दे रहे हैं। धूल मिट्टी उड़ने की वजह से कई वाहन चालक बैलेंस बिगड़कर दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं। रोड पर हवा और वाहनों के पहियों से मिट्टी उड़कर दुकानों में जम रही है। साथ ही ग्रामीण दमा तथा कई श्वास रोगों के शिकार हो रहे हैं।

मार्बल व्यवसाई एवं दुकानदारों में लोकेश लोहार, करन सिंह बल्ला, शायर बाई, राधाबाई, मोहनी बाई, उर्मिला देवी, शांताबाई, शंभू सिंह, अर्जुन सिंह, श्याम सिंह, प्रेम सिंह, जोधसिंह, मनीष पालीवाल, किशन लाल, जमना लोहार ने बताया कि राम लखन कांटे की वजह से दिनभर सड़क पर धूल-मिट्टी छाई रहती है। रात्रि में इतना घना अंधकार रहता है कि दुर्घटना होना हम बात हो गई है। कई बार प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही है जिसकी वजह से हमने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया है आगे भी हमारी सुनवाई नहीं होने पर रोड को जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा।




ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

- **एक घंटे तक लगे जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी**

